खुलासा | कटनी-जबलपुर राजमार्ग में ट्रक में की गई थी चालक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार


# लिफ्ट लेने के बाद की थी चालक की हत्या




**नवभारत,कटनी।** जिले के स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत कटनी-जबलपुर नेशनल हाइवे में छपरा गांव के पास एक ट्रक चालक की हत्या के मामले का शुक्रवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। तीनों आरोपियों ने ट्रक चालक से लिफ्ट ली थी, जिसके बाद सभी शराब पी। जिसके बाद लिफ्ट लेने वाले युवकों ने ट्रक चालक को रूपयों की मांग की, जिसे नहीं देने पर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि 10-11 अप्रैल की 2026 की दरम्यानी रात डायल 112 को सूचना मिली थी कि छपरा नेशनल हाइवे रोड पर एक ट्रक में एक व्यक्ति लहूलुहान हालत में पड़ा है। जिसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान मृतक की पहचान जबलपुर जिले के सिहोरा के खितौला थाना क्षेत्र निवासीह राकेश दाहिया (42)के रूप में हुई थी। मृतक युवक पेशे से ट्रक चालक था और जिस ट्रक में उसका शव मिला था उसी ट्रक को चलाता था। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों की तलाश शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदेह के आधार पर बंधी गांव निवासी रोहित कोल और अमन चौबे को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने चालक की हत्या करना स्वीकार्य कर लिया है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने एक अन्य साथी मनोज के साथ मिलकर ट्रक ड्राइवर से लिफ्ट ली थी। रास्ते में सभी ने साथ बैठकर शराब पी, जिसके बाद आरोपियों ने ड्राइवर से पैसों की मांग की। ड्राइवर द्वारा पैसे देने से मना करने पर तीनों ने मिलकर हाथ-मुक्कों और व्हील पाना से हमला कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के आरोप में पुलिस ने आरोपी रोहित कोल (21) और अमन चौबे (22) को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में फरार तीसरे आरोपी मनोज की तलाश की जा रही है। हत्या का खुलासा करने में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी सुदेश कुमार, उप निरीक्षक अनिल यादव और साइबर सेल के आरक्षक अजय साकेत, सत्येंद्र सिंह, अमित श्रीपाल सहित पूरी टीम की भूमिका रही। कार्रवाई एसपी के निर्देशन और एएसपी के मार्गदर्शन में की गई है।

## पेट्रोल-डीजल की किल्लत दूर करने की मांग

**नवभारत, कटनी।** पिछले कई दिनों से कटनी जिले के अनेकों पेट्रोल पंपों में डीजल पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता ना होने का मुद्दा युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने कलेक्टर कटनी का ध्यान आकृष्ट करते हुए पत्र के माध्यम से जल्द आपूर्ति किए जाने की मांग उठाई है।जानकारी देते हुए अंशु मिश्रा ने बताया कि जिले भर के अनेकों पम्पों में डीजल पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है,व कई पम्प ड्राई हो गए है। जानकारी के अनुसार जल्द पेट्रोल डीजल के दाम में भारी उछाल की ख़बरों को देखते हुए डिपो द्वारा कालाबाजारी किए जाने की खबर है, इस कारण प्रयाप्त मात्रा में डीजल पेट्रोल की उपलब्धता नहीं हो पा रही है।सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल डीजल घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन वास्तविकता दावों से अलग है कई पेट्रोल पम्प ड्राई पड़े हुए है। जनहित में तत्काल कार्रवाई करते हुए डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता और कालाबाज़ारी रोकने की मांग की गई है।



# तालाब में दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्वेद गांव में देखा गया मगरमच्छ

**नवभारत,कटनी।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्वेद गांव के तालाब में पिछले तीन दिनों से एक बड़ा मगरमच्छ देखा जा रहा है। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, वन विभाग और वन विकास निगम कुंडम परियोजना की टीम ने शुक्रवार से मगरमच्छ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मगरमच्छ को लगातार तीन दिनों से तालाब में देखा जा रहा था। वह कभी पानी की सतह पर तैरता तो कभी किनारे पर धूप सेंकता दिखाई देता था। गांव के मुख्य जल स्त्रोत के पास मगरमच्छ की मौजूदगी की खबर फैलते ही लोगों ने तालाब की ओर जाना बंद कर दिया है। ग्रामीणों को अपने मवेशियों और बच्चों पर हमले का डर सता रहा था। इसी आशंका के चलते उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विकास निगम कुंडम परियोजना की टीम मौके पर पहुंची। शुक्रवार सुबह से ही रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया गया है। विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने के लिए तालाब के भीतर एक बड़ा पिंजरा स्थापित किया है। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों ने तालाब में मगरमच्छ होने की जानकारी दी है। हमारी टीम मौके पर तैनात है और सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम कर लिए गए हैं। तालाब के भीतर पिंजरा रखा गया है और उम्मीद है कि जल्द ही मगरमच्छ को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान मगरमच्छ को कोई चोट न पहुंचे, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। ग्रामीणों को सावधान रहने कहा गया है।

## एक नजर में

### शर्तों का पालन नहीं करने पर ठेकेदार की निविदा निरस्त, लगा प्रतिबंध

**नवभारत, कटनी।** निगमायुक्त तपस्या परिहार आईएएस ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई करते हुए बालगंगाधर तिलक वार्ड अंतर्गत संत नगर गली क्रमांक 06 में विभिन्न स्थानों में सीसी रोड निर्माण कार्य से संबंधित निविदा शर्तों का उल्लंघन करने पर संबंधित ठेकेदार मेसर्स ओम श्री वैष्णवी कंस्ट्रक्शन की निविदा निरस्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को नगर निगम की निविदाओं में भाग लेने से 2 वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। कार्यालयीन जानकारी के अनुसार, संबंधित ठेकेदार को एलओए जारी करते हुए निर्धारित समयावधि में परफॉर्मेंस गारंटी और अतिरिक्त परफॉर्मेंस गारंटी की राशि जमा कर 15 दिवस में अनुबंध निष्पादित करने के लिए निर्देशित किया गया था। इसके बाद दोबारा पत्र जारी करने बावजूद ठेकेदार द्वारा समय सीमा के बाद भी आवश्यक राशि जमा नहीं की गई और न ही अनुबंध की प्रक्रिया पूरी की गई। इस संबंध में पूर्व में भी कार्यालय द्वारा पत्र जारी कर निविदा शर्तों के अनुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी, किंतु ठेकेदार द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया गया। परिणामस्वरूप निगम प्रशासन ने निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए शासन के प्रावधानों के तहत संबंधित ठेकेदार की अमानत राशि राजसात करते हुए नगर निगम की निविदाओं में भाग लेने से 2 वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने स्पष्ट किया है कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ठेकेदार पर कार्रवाई होने से अन्य दूसरे ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। नगर निगम आयुक्त ने कहा है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की अनदेखी करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लिहाजा निर्माण में मानकों को ध्यान रखा जाए।

# योगेन्द्र को मिली एमबीबीएस की डिग्री

होनहार छात्र की उपलब्धि पर उमरियापान क्षेत्र में हर्ष



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान निवासी शिक्षक ओमप्रकाश चौरसिया के होनहार पुत्र डॉ योगेंद्र बहादुर चौरसिया ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर एमबीबीएस की डिग्री सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली है । उन्होंने श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा से अपनी पढ़ाई पूरी की। गत दिवस कॉलेज परिसर में आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्हें परंपरागत रूप से डिग्री प्रदान की गई । इस अवसर पर परिवार के सदस्य ओमप्रकाश चौरसिया, हेमंत चौरसिया, श्रीमती रितु चौरसिया, डॉ सत्यम चौरसिया सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे और इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की। डॉ योगेंद्र की इस सफलता पर परिवारजनों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों में भी हर्ष का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# अब तक की जांच में नहीं मिले मानव तस्करी के साक्ष्य, वापस घर भेजे गए 165 बच्चे

कटनी स्टेशन में पटना-पुणे एक्सप्रेस से उतारे गए थे बच्चे



**नवभारत, कटनी।** रेलवे स्टेशन कटनी में पिछले दिनों मानव तस्करी के संदेह में पटना-पुणे एक्सप्रेस से उतारे गए 165 बच्चों के मामले में नया मोड़ आ गया है। 12 दिनों तक चली जांच में पता चल है कि बच्चों की मानव तस्करी नहीं की जा रही थी, बल्कि उन्हे मदरसे में शिक्षा लेने के लिए भेजा गया था। जिसके बाद गुरुवार रात 2 बजे सभी बच्चों को सुरक्षित उनके घर वापस भेज दिया गया है। बिहार के अररिया और सुपौल से महाराष्ट्र जा रहे इन बच्चों को पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत रोका था। उस वक्त पुलिस इसे मानव तस्करी का बड़ा मामला बता रही थी और 8 शिक्षकों पर प्रकरण भी दर्ज किया गया था। लेकिन सामाजिक जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बच्चे केवल पढ़ाई के लिए मदरसा जा रहे थे। जीआरपी थाना प्रभारी जीएल कश्यप ने भी पुष्टि की है कि अब तक की जांच में मानव तस्करी जैसा कुछ भी सामने नहीं आया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जिस तरह का बर्ताव किया, उसे लेकर अब कानूनी सवाल खड़े हो रहे हैं। कानून के मुताबिक, बच्चों को संरक्षण में लेते समय पुलिस अधिकारी का वर्दी में होना मना है। उन्हें सादे कपड़ों में होना चाहिए ताकि बच्चे डरे नहीं। लेकिन कटनी में पुलिसकर्मी वर्दी में बच्चों की घेराबंदी करते नजर आए। नियमों के अनुसार हर थाने में एक बाल कल्याण पुलिस अधिकारी होना चाहिए, जो बच्चों से संवेदनशीलता से पेश आए। मगर आरोप है कि यहां बच्चों के साथ अपराधियों जैसा बर्ताव किया गया। तकरीबन दो हफ्ते तक अपने माता-पिता से दूर रहने के बाद, अब बच्चों को उनके घर भेज दिया गया है। हालांकि शिक्षकों पर दर्ज हुई एफआईआर और बच्चों को इतने दिनों तक रखने के तरीके को लेकर विभाग और पुलिस की किरकिरी हो रही है। फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है। जीआरपी थाना प्रभारी जीएल कश्यप ने बताया कि अभी तक की जांच में मानव तस्करी से जुड़ा मामला सामने नहीं आया है। आगे की जांच जारी है। इसम मामले में कांग्रेस ने भी गलत कार्रवाई का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा था।

# पुलिस ने की 98 निगरानी बदमाशों की जांच, गिरफ्तार किए फरार वारंटी

पुलिस ने चलाया विशेष कॉंबिंग गश्त अभियान



**नवभारत, कटनी।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा गुरूवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात विशेष कांबिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के दौरान जिले भर में फरार और संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान में सीएसपी नेहा पच्चीसिया, एसडीओपी धीरेन्द्र धार्वे, डीएसपी रत्नेश मिश्रा सहित जिले के 15 थाना प्रभारियों ने 175 से अधिक पुलिस बल के साथ स्वयं फील्ड में उपस्थित रहकर कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में 79 स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। 98 से अधिक निगरानी बदमाशों और सूचीबद्ध गुंडों की जांच की गई। कांबिंग गश्त के दौरान 59 गिरफ्तारी वारंटी तामील कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 20 स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी की गई। 49 गुंडों के निवास स्थानों पर जाकर चैकिंग की गई। 49 निगरानी बदमाशों के घरों पर अचानक दबिश देकर सत्यापन किया गया। कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन, मुड़वारा स्टेशन, बस स्टैंड पर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। शराब कस अवैध परिवहन और सार्वजनिक स्थान में शराब पीने पर 10 मामले दर्ज किए गए हैं। 51 जमानती वारंट और 80 संमंस तामील किए गए हैं।

रात्रि वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चार चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। शांति भंग की आशंका पर आठ आरोपियों पर कार्रवाई की गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 70 प्रकरणों में 75 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई। पूरा अभियान एसपी के निर्देशन, एएसपी के मार्गदर्शन में चलाया गया।

# पंचवन नर्सरी हो रही बदहाल, जिम्मेदार उदासीन

गायब हो गई तार फेसिंग काटे जा रहे पेड़



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़हटा में सरकारी संरक्षण में तैयार की गई पंचवन नर्सरी भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ रही है। लाखों की लागत से तैयार इस नर्सरी को पंचायत और रसूखदारों की मिलीभगत से उजाड़ा जा रहा है, लेकिन प्रशासन मौन साधे बैठा है। ग्रामीणों के अनुसार पिछली पंचायत के कार्यकाल में इस नर्सरी को एक सीमित और सुरक्षित क्षेत्र में विकसित किया गया था। इसकी सुरक्षा के लिए चारों ओर तार घेरा की गई थी। लेकिन वर्तमान में यह तार बाउंड्री रहस्यमयी तरीके से गायब कर दी गई है। इतना ही नहीं नर्सरी में लगे यूकेलिप्टस के विशाल पेड़ों को आरा मशीनों से धड़ल्ले से काटा जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इस कटाई की जानकारी न तो वन विभाग को है और न ही वर्तमान पंचायत के पास इसका कोई जवाब है। नर्सरी को न सिर्फ पेड़ों की कटाई से नुकसान पहुंचाया जा रहा है, बल्कि इसके अस्तित्व को भी मिटाया जा रहा है।

# रेस्क्यू कर मुकुंदपुर भेजा गया घायल तेंदुआ, डॉक्टरों ने शुरू किया इलाज

उमरिया-कटनी हाइवे पर पठरा में सड़क किनारे मिला था तेंदुआ



**नवभारत, कटनी।** जिले के कटनी-उमरिया हाईवे पर पठरा गांव के पास एक सड़क हादसे में घायल हुए तेंदुए को वन विकास निगम की टीम ने है। बड़वारा परिक्षेत्र की भदौरा बीट में सफल रेस्क्यू के बाद, तेंदुए को इलाज के लिए मुकुंदपुर जू भेज दिया गया है। वन अधिकारियों ने बताया कि बताया कि कक्ष क्रमांक 453 से गुजरने वाले कटनी-उमरिया हाईवे के किनारे तेंदुआ गंभीर हालत में पड़ा मिला था। सूचना मिलते ही बड़वारा परिक्षेत्र अधिकारी और कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक निरीक्षण में पाया गया कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुआ गंभीर रूप से घायल हो गया था। सड़क हादसे में तेंदुए के घायल होने की जानकारी के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। रेस्क्यू के दौरान वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारी के मौके पर जुटी भीड़ को नियंत्रित करने में सहयोग किया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन्यप्राणी डॉक्टर को बुलाया गया, जिन्होंने तेंदुए को सुरक्षित तरीके से बेहोश किया।

वन अधिकारियों ने विशेष ट्रेप केज का उपयोग कर तेंदुए को सुरक्षित पकड़ा और घायल तेंदुए को तत्काल मुकुंदपुर जू भेजा गया, जहां वन्यप्राणी चिकित्सकों ने उसका गहन परीक्षण किया। तेंदुए को गंभीर चोटें आई हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में मुकुंदपुर जू में उसका तेंदुए का इलाज किया जा रहा है।

## परीक्षा के लिए लगाई गई ड्यूटी

**नवभारत, कटनी।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 26 अप्रैल को जिले में आयोजित होने वाली राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन के लिए जिला दण्डाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर परीक्षा केन्द्रों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में परीक्षा के आयोजन लिए जिले में कुल 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा ओएमआर पद्धति से दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक संचालित होगा। आदेश के अनुसार चयनित 4 परीक्षा केन्द्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही इनके सहयोग के लिए परीक्षा केन्द्र शासकीय गर्ल्स कॉलेज, झिंझरी में नायब तहसीलदार इशरार खान की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार शासकीय उत्कृष्ट स्कूल, माधवनगर में भी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



# भजन-कीर्तन के साथ निकाली शोभायात्रा

**नवभारत, कटनी।** शहर में भगवान चित्रगुप्त जी का प्राकट्य उत्सव कायस्थ समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में भगवान चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा का शुभारंभ श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से हुआ, जहां से सजे-धजे रथ, आकर्षक झांकियां और भजन मंडलियों के साथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भजन-कीर्तन और भगवान चित्रगुप्त जी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। झांकियों में भगवान चित्रगुप्त जी के जीवन प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया गया, जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग उमड़े। इस शोभायात्रा की विशेषता यह रही कि इसमें महिलाओं की काफी संख्या में सक्रिय सहभागिता रही। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुईं। इस अवसर पर भोपाल के पूर्व सांसद आलोक संजर, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन सोनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, ओपी निगम, अनिल खरे, रवि खरे, राजू खरे, आशीष तिवारी, सुनील उपाध्याय, रजनी वर्मा, हेमंत श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, मनोज निगम, राकेश श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में सामाज के लोगों की उपस्थिति रही।

निरीक्षण | सलैया पटोरी साइलो केन्द्र सहित रीठी के तीन खरीदी केन्द्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# खरीदी केन्द्रों में किसानों को नहीं होनी चाहिए परेशानी, उपलब्ध कराएं बेहतर सुविधा



**नवभारत, कटनी।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य को पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान केंद्रित बनाने के उद्देश्य से बहोरीबंद क्षेत्र के सलैया पटोरी में शुरू आधुनिक साइलो केंद्र और रीठी के 3 उपार्जन केन्द्रों रीठी, देवगांव और तिलगवा का कलेक्टर आशीष तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और किसानों को हर स्तर पर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि साइलो केंद्र में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। कलेक्टर ने यहां आने वाले किसानों के पंजीयन की सहूलियत के मद्देनजर कंप्यूटर आपरेटर्स की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वैशाख की तपती दुपहरी और कड़ी चिलचिलाती धूप के बावजूद पूरे साइलो केंद्र का भ्रमण किया और गेहूं बेचने यहां आए किसानों से खुलकर चर्चा किया। किसान अनार सिंह लोधी ने बताया कि नई व्यवस्था से उपार्जन प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक आसान, तेज और व्यवस्थित हो गई है। पटना और अमगवा से गेहूं बेचने पहुंचे किसानों ने बताया कि साइलो केंद्र पर गेहूं उतारने के लिए पल्लेदारों की आवश्यकता नहीं पड़ती। तौल की प्रक्रिया पारदर्शी है और अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ रही। आधुनिक साइलो केंद्र सलैया पटोरी में गेहूं खरीदी शुरू हो जाने से उपार्जन केन्द्रों पर भीड़ में कमी आएगी। फसल का सुरक्षित और वैज्ञानिक भंडारण होगा और तौल, परिवहन प्रक्रिया में सुगमता तथा किसानों को समय पर भुगतान होने में मदद मिलेगी। आधुनिक साइलो प्रणाली से उपार्जन कार्य में पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान-केंद्रित व्यवस्था को और मजबूती मिली है। दो दिनों में यहां 10 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी हो गई है। आधुनिक साइलो केंद्र सलैया पटोरी की एक दिन में गेहूं उपार्जन की क्षमता करीब 20 हजार क्विंटल है। यहां से 22 उपार्जन केन्द्रों के संबद्ध करीब साढ़े 6 हजार किसानों का गेहूं खरीदा जायेगा। यहां गेहूं लेकर आने वाले किसानों का ट्रेक्टर ट्राली में ही एफएक्यू गुणवत्ता चेक करने के बाद इसकी सीधे साइलो में तौल की सुविधा इस व्यवस्था को किसान हितैषी और खास बनाती है। इससे किसान भाईयों की उपज की तुलाई में कम समय लगता है इससे किसानों के समय की बचत हो रही है। साइलो केन्द्रों में गेहूं उपार्जन के लिए पहुंचने वाले किसानों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर टोकन देकर चेक करते हैं कि स्लॉट बुकिंग हुई है या नहीं। वितरित टोकन के आधार पर किसान का नंबर आने पर गेहूँ की ट्रॉली साइलो केन्द्र के अंदर बुलाई जाती है। उसके बाद ऑपरेटर रजिस्ट्रेशन करते हैं। गेहूं का सैंपलिंग होता है और गुणवत्ता परीक्षण करने के बाद क्यूआर कोड निकलता है।

